

हिंदी दैनिक खबर

# केशववाणी

हर पल, हमारी खबर

**अनमोल वचन**

"हार मत मानो, क्योंकि हर सुबह नई उम्मीद लेकर आती है।"

"जो गिरकर भी उठे, वही असली विजेता कहलाता है।"

"छोटे कदम भी बड़े सपनों तक पहुंचाते हैं।"

रविवार 08 मार्च 2026 बर्ष 02 अंक 65 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


## राजगीर का अमेज वॉटर वर्ल्ड हंगामा जोन वाटर पार्क पर्यटकों के लिए खुला, विशेष ऑफर की घोषणा

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट, राजगीर, नालंदा।** गर्मी के मौसम की शुरुआत के साथ ही अमेज वॉटर वर्ल्ड हंगामा जोन वाटर पार्क, राजगीर को एक बार फिर पर्यटकों के लिए खोल दिया गया है। शनिवार, 7 मार्च से यह वाटर पार्क आम लोगों के लिए शुरू कर दिया गया है, जहां पर्यटक परिवार और दोस्तों के साथ पानी के खेलों का आनंद ले सकेंगे। वाटर पार्क के शुभारंभ से पूर्व गुरुवार को विधिवत पूजा–अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस मौके पर निदेशक आशीष कुमार जैन के साथ स्मृति जैन, मयंक जैन, अरुण कुमार जैन और सोनू कुमार मौजूद रहे। इस अवसर पर निदेशक आशीष कुमार जैन ने बताया कि पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए वाटर पार्क में विशेष ऑफर की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि पर्यटक प्रति व्यक्ति 500 रुपये का टिकट लेकर वाटर पार्क में मौज–मस्ती कर सकते हैं। साथ ही हर टिकट के साथ एक फूड कूपन भी दिया जाएगा, जिससे उस दिन फ्री और अनलिमिटेड भोजन का लाभ उठाया जा सकेगा। इसके अलावा 7 मार्च से 10 मार्च तक एक टिकट खरीदने पर दो टिकट मुफ्त देने की भी योजना रखी गई है। यह मुफ्त टिकट 15 मार्च से 30 अप्रैल के बीच कभी भी उपयोग में लाए जा सकते हैं। यानी पर्यटक मुफ्त प्रवेश के साथ–साथ भोजन का भी आनंद ले सकेंगे।




गौरतलब है कि राजगीर स्थित यह वाटर पार्क पिछले कई वर्षों से पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय रहा है। नालंदा जिले के अलावा आसपास के कई जिलों से भी बड़ी संख्या में लोग यहां घूमने और मनोरंजन के लिए पहुंचते हैं। वाटर पार्क में स्थित भव्य और विशाल मानव निर्मित वॉटरफॉल पर्यटकों के लिए खास आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यह कृत्रिम झरना लोगों को प्राकृतिक झरने जैसा अनुभव देता है, जिसके कारण यहां आने वाले पर्यटक खासा उत्साहित नजर आते हैं।



## बख्तियारपुर में निर्माणाधीन आरओबी का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट, बख्तियारपुर, पटना।** नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री बिहार ने शनिवार को बख्तियारपुर में निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) का निरीक्षण किया। यह आरओबी बख्तियारपुर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के समीप बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से परियोजना की विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य को समय सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए, ताकि आम लोगों को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि आरओबी बनने से क्षेत्र में यातायात की समस्या काफी हद तक दूर होगी और लोगों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से यह भी कहा कि निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करने और किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। इस दौरान मौके पर मौजूद ला. `गों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनका स्नेहिल अभि ावादन किया। मुख्यमंत्री ने भी लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना। गौरतलब है कि बख्तियारपुर में इस रेलवे आ. `वरब्रिज के निर्माण से आसपास के इलाकों के लोगों को जाम की समस्या से राहत मिलने के साथ–साथ यातायात व्यवस्था भी बेहतर होने की उम्मीद है। निरीक्षण के दौरान प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## एससी एसटी अत्याचार के तहत आज 54 पीड़ित लाभुकों को 40.52 लाख रुपये किया गया मुआवजा स्वीकृति – डीएम

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट, गया,बिहार।** अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अत्याचार से पीड़ित व्यक्तियों के लिए सुविधा प्रदान करने के लिए बिहार सरकार अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत मुआवजा प्रदान करना है। जिला पदाधिकारी श्री शशांक शुभंकर द्वारा आज 54 पीड़ित लाभ. ुकों को 4052850 रुपये मुआवजा स्वीकृति का आदेश दिया है। उन्होंने बताया कि गया जिला के विभिन्न थानों से प्राप्त प्राथमिकी एवं आरोप पत्र पर भुनसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 एवं समय–समय पर पीडित/पीड़िता को राहत अनुदान के कुल 54 मामले जिसमें प्रथम किस्त के 19 मामलो में कुल राशि–802850/– एवं द्वितीय किस्त के 35 मामलो में कुल राशि–3250000/– के भुगतान का स्वीकृति दिया गया। डीएम ने कहा कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के सदस्यो को अत्याचार से सुरक्षा प्रदान करने के लिए राज्य सरकार के द्वारा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम है। इस अधिनियम के के तहत् अत्याचार के मामलो में राहत अनुदान की राशि का भुगतान पीड़ित / पीड़िता को उनके आधार से सम्बद्ध बैंक खातो पर डीबीटी के माध्यम से किया जा रहा है। इस अधिनियम के तहत् गाली गलौज एवं अपमा. नित करने के मामले में धारा 3 (1) (त) () मे कुल राशि 100000/– रू० जिसमें प्राथमिकी पर 25 प्रतिशत (25000/–) माननीय न्यायालय में आरोप पत्र भेजे जाने पर 50 प्रतिशत (50000/–) तथा दोष सिद्ध होने के उपरांत शेष 25 प्रतिशत (25000/–) राशि का भुगतान किया जाता है।



मार पीट / गम्भीर चोट के मामलो में इस अधिनियम की धारा 3 (2) (अं) के तहत् कुल राशि 200000/– जिसमें प्राथमिकी पर 25 प्रतिशत (50000/–) माननीय न्यायालय में आरोप पत्र भेजे जाने पर 50 प्रतिशत (100000/–) तथा दोष सिद्ध होने के उपरांत शेष 25 प्रतिशत (50000/–) राशि का भुगतान किया जाता है।बलात्संग एवं सामुहिक बलात्संग के मामले में क्रमशः 500000/– एवं 825000/– जिसमें चिकित्सा जांच और पुष्टि के पश्चात् 50 प्रतिशत तथा न्यायालय में आरोप पत्र भेजे जाने पर 25 प्रतिशत तथा दोष सिद्धि के उपरांत शेष 25: का भुगतान पीड़िता को उनके खाते पर डीबीटी के माध्यम से किया जाता है। हत्या या मृत्यु के मामलो में कुल अनुमान्य राशि 825000/– जिसमें शव परीक्षण के उपरांत 50 प्रतिशत रू 412500/– तथा माननीय न्यायालय में आरोप पत्र भेजे जाने पर 50 प्रतिशत 412500/– पीड़ित के आश्रित को रू० 5000/– एवं महंगाई भत्ता के साथ प्रतिमाह पेंशन तथा माननीय न्यायालय में आरोप गठन के उपरांत परिवार के किसी सदस्य को नौकरी दिये जाने का प्रावधान है।

## पौधरोपण कर समाजसेवी अरविंद कुमार सिन्हा ने मनाया 55वां जन्मदिन, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट, नूरसराय, (नालंदा)।** समाजसेवी सह पर. विंदर इंटरप्राइजेज के निदेशक अरविंद कुमार सिन्हा ने आम का पौधा लगाकर अपना 55 वां जन्मदिन मनाया। जन्मदिन के मौके पर श्री सिन्हा ने आम लोगों से धरती पर हरियाली लाने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करने का अपील भी किया। श्री सिन्हा ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने जन्मदिन हो या किसी परिजन का ,हर जन्मदिन पर पौधरोपण अवश्य करें। पूरी दुनिया क्लाइमेट चेंज,ग्लोबल बर्मिंग की समस्या से त्रस्त है।खेती बाड़ी मुश्किल हो रही है,गर्मी लगातार बढ़ रही है ,कहीं ज्यादा बारिश तो कहीं नगण्य बारिश हो रही है।देखा जाय तो मौसम चक्र ही असंतुलित हो गया है।हमारा पर्यावरण प्रदूषित हो गया है।जिसके चलते लोग गंभीर बीमारी के शिकार हो रहे हैं।छोटे बच्चे गुस्सैले हो रहे हैं कारण मात्र धरती से हरियाली का गायब होना है।पेड़ पौधे हैं तभी मानव का अस्तित्व है।श्री सिन्हा ने यह भी कहा कि बढ़ती हुई तापमान के कारण गंगोत्री में ग्लेशियर हर साल 18 से 20 मीटर पीछे हट रहा है।पेड़ों की कटाई,नदियीं पर संकट और पहाड़ों की कमजोर होती रीढ़ जलवायु परिवर्तन के असर को बड़े पैमाने पर दिखना शुरू हो गया है। धरती पर हरियाली लाने के लिए हर हाथ को पौधरोपण से जुड़ना ही होगा। वहीं उपस्थित पंकज कुमार,पी सिंह,नम्रता कुमारी,पल्लवी कुमारी,प्रवीण कुमार,अमन सिंह,फंटूश सिंह,सीटू सिंह,चिक्कू,चुन्ना सिंह,एस के वर्मा,जितेंद्र कुमार सहित अन्य ने समाजसेवी श्री सिन्हा को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके मंगल स्वास्थ्य की कामना भी किया है।


अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें

7033325120





# बिहार की राजनीति में बड़ा संकेत: नीतीश कुमार के बेटे निशांत की राजनीति में एंट्री तय, जदयू को मिलेगी नई युवा ऊर्जा

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट,, बिहारशरीफ (नालंदा)।** नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार के राजनीति में औपचारिक प्रवेश को लेकर सियासी हलकों में चर्चा तेज हो गई है। बिहारशरीफ प्रखंड कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि निशांत कुमार रविवार को विधिवत रूप से जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की सदस्यता ग्रहण करेंगे। उन्होंने कहा कि इससे पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी और युवाओं में उत्साह बढ़ेगा। ट्राई साइकिल वितरण समारोह के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि निशांत कुमार युवा और शिक्षित हैं तथा उनके अंदर काम करने का जज़्बा है। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग लंबे समय से उन्हें राजनीति में देखना चाहते थे। पार्टी की सदस्यता लेने के बाद वरिष्ठ नेता मिलकर तय करेंगे कि उन्हें संगठन में क्या जिम्मेदारी दी जाए। इस मौके पर कौशलेंद्र कुमार ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि निशांत कुमार को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह है। डिप्टी सीएम बनाए जाने की चर्चाओं पर उन्होंने कहा कि यदि पार्टी नेतृत्व ऐसा निर्णय लेता है तो सभी कार्यकर्ता अनुशासन में रहकर उनका समर्थन करेंगे।

**नीतीश कुमार की राज्यसभा जाने की इच्छा**

सांसद कौशलेंद्र कुमार ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्वयं यह इच्छा जताई है कि वे अब राज्यसभा जाना चाहते हैं। उनके अनुसार, मुख्यमंत्री का मानना है कि वे विधानसभा, विधान परिषद और लोकसभा का अनुभव प्राप्त कर चुके हैं, इसलिए अब उच्च सदन में जाकर देश और राज्य के लिए योगदान देना चाहते हैं। उन्हा. ेने कहा कि नीतीश कुमार दिल्ली में रहें या बिहार में, वे हमेशा राज्य के विकास के लिए समर्पित रहेंगे।

**शराबबंदी नीति पर कोई समझौता नहीं**


मंत्री श्रवण कुमार ने राज्य में लागू बिहार शराब. बंदी कानून को लेकर उठ रहे सवालों पर कहा कि सरकार इस नीति से कोई समझौता नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि शराबबंदी से समाज में सकारात्मक बदलाव आया है और युवाओं का भविष्य बेहतर हुआ है। वहीं सांसद कौशलेंद्र कुमार ने भी कहा कि राजस्व के लिए समाज में बुराई को बढ़ावा नहीं दिया जा सकता।



**दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल का वितरण**

कार्यक्रम की शुरुआत में प्रखंड कार्यालय परिसर में 10 दिव्यांगजनों के बीच ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर लाभुकों को रवाना किया। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि अब ट्राई साइकिल वितरण के लिए कोई निर्धारित सीमा नहीं है। जो भी दिव्यांगजन इसे चलाने में सक्षम हैं, उन्हें सरकार की ओर से यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, जदयू के मुख्य प्रवक्ता डॉ. धनंजय देव, जयंत कुमार सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित थे।






# नालंदा विश्वविद्यालय में 8 मार्च से दो-दिवसीय 'नालंदा डेवलपमेंट डायलॉग' का आयोजन

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट, राजगीर(नालंदा)।** नालंदा विश्वविद्यालय में रविवार से दो दिवसीय नालंदा डेवलपमेंट डायलॉग(एनडीडी) का आयोजन होगा। इस अंतरराष्ट्रीय पॉलिसी से. मिनार में वैश्विक नीति–निर्माताओं, डेवलपमेंट एक्सपर्ट्स और विभिन्न क्षेत्रों के विद्वानों और विच. ारकों को एक साझा मंच पर लाया जायेगा। इसमें सतत समावेशी विकास, समकालीन वैश्विक चुनौतियों और अवसरों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार–विमर्श किया जायेगा। नालंदा विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर स्टडीज इन डेवलपमेंट एंड सस्टेनेबिलिटी (सीएसडीएस) द्वारा आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के प्रथम–संस्करण को नीति संवाद और ज्ञान–विनिमय के एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में परिकल्पित किया गया है। इसमें मुख्य व्याख्यान, विषयगत सत्र और नीति विमर्श आयोजित होंगे। इसमें सतत विकास, क्षेत्रीय सहयोग, आर्थिक परिवर्तन तथा वैश्विक साझेदारी जैसे विषयों पर गहन चर्चा की जायेगी। यह पहल प्राचीन नालंदा की ज्ञान–संवाद परंपरा से प्रेरित है, जहां विश्वभर से विद्वान विचारों के आदान–प्रदान के लिए एकत्रित होते थे। नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सचिन चतुर्वेदी ने कहा कि नालंदा डेवलपमेंट डायलॉग प्राचीन नालंदा की वैश्विक बौद्धिक संवाद परंपरा को पुनर्जीवित करते हुए सतत और समावेशी विकास पर सार्थक नीति विमर्श को आगे बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास



है। इस अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में भारत और विदेश से कई प्रतिष्ठित विद्वान और नीति विशेषज्ञ भाग लेंगे।प्रमुख वक्ताओं और प्रतिभागियों में प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की सदस्य एवं भारत सरकार में सचिव डॉ. शामिका रवि, येल विश्वविद्यालय के प्रो. थॉमस पोगे, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के एमेरिटस प्रोफेसर प्रो. दीपक नय्यर, नेशनल ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट फॉर पॉलिसी स्टडीज़, टोक्यो के प्रोफेसर टेट्सुशी सोनबे, जर्मन इंस्टिट्यूट ऑफ डेवलपमेंट एंड सस्टेने. बिलिटी के स्टेफन क्लिंगेबिल, इंटरनेशनल पॉलिसी सेंटर फॉर इन्क्लूसिव डेवलपमेंट के आंद्रे दे मेलो ई सूजा तथा काठमांडू विश्वविद्यालय के कुलपति अच्युत वाग्ले सहित विभिन्न प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सं. स्थानों, विश्वविद्यालयों और शोध संगठनों से जुड़े अनेक प्रमुख शिक्षाविद्, नीति–निर्माता और डेवलपमेंट एक्सपर्ट्स शामिल होंगे। नालंदा विश्वविद्यालय प्राचीन नालंदा की ज्ञान परंपरा से प्रेरणा लेते हुए वैश्विक बौद्धिक संवाद को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए यह आयोजन अकाद. मिक जगत और नीति–निर्माण के बीच सार्थक संवाद को सुदृढ़ करने का प्रयास है।






# दो बच्चों का पिता का प्रेम प्रसंग में हुई हत्या,प्रेमिका के भाइयों समेत पांच लोगों पर प्राथमिकी

## लापता युवक का चार दिन बाद शव गांव के आहर से बरामद, भाई बोला की पुलिस मामले को गंभीरता से लेता तो नही होती अनहोनी

**केशववाणी । अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** लापता युवक का शब चौथे दिन शुक्रवार की सुबह गांव के दक्षिण आहर में उपलाता हुआ बरामद किया गया, शव मिलते ही पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई।मामला सिलाव थाना क्षेत्र पांकी गांव के आहार में शिव स्थान के समीप की है। शव की पहचान पांकी निवासी स्व उपेंद्र राम के 25 वर्षीय पुत्र मणि कुमार के रूप में किया गया है, मृतक का शरीर पर पीठ एवं छाती पर चोट की निशान देखा गया है, साथ ही चेहरा को भी बेरहमी से कुचला था।परिजनों ने प्रेम प्रसंग में हत्या की आशंका जताया है। घटना की जानक. ारी बाद स्थानीय थाना पुलिस सहित पुलिस उपाधीक्षक सुनील कुमार सिंह घटना स्थल पहुँच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



**एक साल से चल रहा था चचेरी वहन के साथ प्रेम प्रसंग**

परिजनों की मानें तो मणि का गांव में ही सटे घर की युवती जो रिश्ते में चचेरी बहन है ,उसके साथ पिछले एक साल से अफेयर चल रहा था। जिसको लेकर लड़की के परिवार वाले नाराज थे। इसी रंजिश में वारदात को अंजाम देने की आशंका है।मृतक का भाई सन्नी कुमार ने इस मामले में चचेरे भाई सहित 5 लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। सन्नी ने बताया कि चार मार्च की रात करीब 10 बजे उसने अपने भाई और चचेरी बहन को घर की छत पर पकड़ा था। इसके बाद अपने चचेरे भाइयों को इसकी जानकारी दी। बाद में चचेरा भाई धर्मेंद्र राम, राजेश राम, राकेश राम, छोटू और विकास अपने सहयोगियों के साथ मेरे घर पर पहुंचे। घर में घुसकर उल्टे हमारे पूरे परिवार के साथ मारपीट की। उसके बाद धर्मेंद्र का शाला गोलू मेरे भाई मणि को अपने साथ ले गया। इसके बाद आरोपियों ने मणि की हत्या कर शव को छिपाने की नीयत से तालाब में फेंक दिया। उनलोगों को पहले भी अफेयर के बारे में जानकारी दी थी, वो लोग कहते थे कि सबूत दिखाओ। उसके बाद हल्ला करना। तुम अपनी बहन को देखो।

**पुलिस के द्वारा बरती गई लापरवाही**

मृतक का भाई सनी कुमार ने बताया कि उस 4 मार्च की रात में मारपीट करने और भाई को गायब होने की सूचना डायल 112 एवं सिलाव पुलिस को दिया था,परंतु पुलिस ने मामले को गंभीरता से नही लिया ,जिसका परिणाम है कि उसकी हत्या कर दिया गया। वहीं, मामले की सूचना पर राजगीर डीएसपी सुनील कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। डीएसपी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला अवैध संबंध से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। उन्होंने बताया कि चार मार्च की शाम को भी घरेलू विवाद की सूचना पर पुलिस पांकी गांव गई थी और परिजनों को समझा–बुझाकर लौटी थी। पुलिस के जाने के बाद ही यह घटना हुई है। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर गहनता से जांच कर रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है। एफएसएल की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है।इस मामले में मृतक के माता ममता देवी के द्वारा लिखित मामला दर्ज कराया गया है जिसमे पांच लोगों को आरोपित किया गया है।



# बिहार में मौसम का बदलेगा मिजाज: 9 से 11 मार्च तक आंधी, बारिश और वज्रपात की संभावना

**केशववाणी । शंकर कुमार की रिपोर्ट, बिहारशरीफ (नालंदा)।** पटना। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मौसम विज्ञान केंद्र पटना द्वारा जारी ताजा पूर्वानुमान के अनुसार बिहार में अगले कुछ दिनों में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। राज्य के कई जिलों में 9 से 11 मार्च के बीच आंधी, बारिश, मेघगर्जन और वज्रपात की संभा. वना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार, 9 मार्च को किशनगंज, अररिया, सुपौल और मधुबनी जिले के कुछ इलाकों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। इस दौरान कई स्थानों पर वज्रपात होने की भी आशंका है। वहीं मंगलवार, 10 मार्च को शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, मधेपुरा, अररिया, पूर्णिया, कटिहार और किशनगंज जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक 11 मार्च को इसका असर दक्षिण बिहार में भी देखने को मिल सकता है। इस दिन कोसी और सीमांचल क्षेत्र के साथ–साथ कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, गया और नवादा जिलों में भी आंधी, मेघगर्जन और वज्रपात की संभावना जताई गई है।

**राज्य के कई हिस्सों में हो सकती है बारिश**

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 9 से 11 मार्च के बीच पूरे बिहार में हल्की से मध्यम बारिश का दौर शुरू हो सकता है। मौसम में बदलाव के कारण उत्तर बिहार, कोसी, सीमांचल क्षेत्र के अलावा पटना और दक्षिण बिहार के कई जिलों में भी कहीं–कहीं बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि फिलहाल उत्तरी ओडिशा और उसके आसपास के क्षेत्रों में चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। इसके अलावा 9 मार्च से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है, जिसके प्रभाव से बिहार के मौसम में यह बदलाव देखने को मिल सकता है।

**तापमान में हो रही बढ़ोतरी**

फिलहाल बिहार में मौसम शुष्क बना हुआ है। ठंड का असर खत्म होने के बाद तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। दोपहर के समय तेज धूप निकलने से लोगों को गर्मी का एहसास होने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार 6 मार्च को 33.6 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ मो. तिहारी राज्य का सबसे गर्म शहर रहा। इसके अलावा पटना, मुजफ्फरपुर, वाल्मीकिनगर, छपरा, बक्सर, कैमूर, डेहरी, औरंगाबाद, अरवल, गया और जहानाबाद समेत राज्य के अधिकतर शहरों में दोपहर का तापमान 30 से 33 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया।

**अगले 24 घंटे का अनुमान**

मौसम पूर्वानुमान के अनुसार अगले 24 घंटे के भीतर राज्य के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 1 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है।

# चंडी थाना पुलिस की कार्रवाई– तीन अपराधी गिरफ्तार 3 देशी कट्टा और 21 जिंदा कारतूस बरामद

**केशववाणी । शंकर कुमार की रिपोर्ट, चण्डी (नालंदा)।** चण्डी थाना क्षेत्र के गिलानीचक गांव में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध आग्नेयास्त्र और जिंदा कारतूस के साथ तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 3 देशी कट्टा और 315 बोर के 21 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार 6 मार्च 2026 की रात करीब 9रू55 बजे सुमन कुमार, थानाध्यक्ष चण्डी थाना को गुप्त सूचना मिली थी कि गिलानीचक गांव में कुछ अपराधी किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की तैयारी में अवैध हथियार के साथ मौजूद हैं। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष ने पुलिस बल के साथ नीतीश मांझी के घर पर छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान घर के पीछे बने पलानीनुमा कमरे से तीन युवकों को अवैध हथियारों के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सहजादा नट (पिता कलूठ नट) और राजा नट (पिता पुकार नट), दोनों निवासी गिलानीचक, थाना चंडी, जिला नालंदा तथा अभिषेक कुमार (पिता मधु नट) निवासी राजोपुर, थाना एवं जिला शेखपुरा के रूप में हुई है। इस मामले में चण्डी थाना कांड संख्या 186/26 दिनांक 7 मार्च 2026 को आर्म्स एक्ट की धारा 25(1–बी)ए/26/35 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने बरामद हथियारों को जब्त कर लिया है और गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष सुमन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी की। टीम में राहुल कुमार, प्रिंसदीप कुमार, ललन सिंह, आनंद कुमार, श्वेता कुमारी, सोनम कुमारी, जितेंद्र कुमार, सतीश कुमार, छो. टेलाल पासवान, अखिलेश मिश्रा, दिलीप ठाकुर और राममोहन गहलौत सहित चंडी थाना के अन्य पुलिसकर्मी एवं शस्त्र बल शामिल थे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर स्कूली बच्चियों में पाठ्य सामग्री का वितरण

**केशववाणी । अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर चेतनालय विद्यालय में शनिवार को इनरव्हील ऑफ राजगीर टीम द्वारा नारी सम्मान सह सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इनरव्हील द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 की थीम के तहत आयोजित समारोह में सिस्टर रोज और चिराग विद्यालय में आवासीय शिक्षा ग्रहण कर रहे बालिकाओं को सम्मानित किया गया। क्लब की अध्यक्षा अनीता कुमारी, सचिव अंजना कुमारी, संपादनकर्ता कविता प्रवीण, कोषाध्यक्ष प्रेमलता कुमारी, आईएसओ दीप्ति कौशिक व स्वीटी गुप्ता सहित टीम की सदस्यों ने विद्यालय की बच्चियों में पठन पाठन सामग्रियों को वितरण किया। इसमें लेखन पुस्तिका, पेंसिल, कलम, ईरेजर के अलावे पौधे और चॉकलेट का वितरण किया गया। आईएसो दीप्ति कौशिक ने सिस्टर रोज द्वारा असहाय गरीब महादलित बालिकाओं के शिक्षा व संरक्षण को नारी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस व नारी सशक्तिकरण के उद्देश्य को सार्थक बताया। गरीबों की सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं होती है। दीप्ति कौशिक ने कहा कि सिस्टर रोज द्वारा जो काम किया जा रहा है उसे यह इलाका ही नहीं पूरा जिला हमेशा ही याद रखेगा। उन्होंने त्याग व समर्पण कर बच्चों की सेवा में पूरा जीवन को लगा दिया है। कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 की मुख्य थीम दान से लाभ के तहत पाठ्य सामग्री का यह वितरण सहयोग, उदारता और महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए संसाधनों के आदान–प्रदान पर जोर देती है।




वहीं बच्चियों को गुड और बैड बॉडी टच, बॉडी शेमिंग तथा मासिक धर्म के बारे विस्तार से जानकारी दी गई। जागरूक किया गया। चिराग विद्यालय की संस्थापिका सिस्टर रोज ने कहा कि असहाय गरीब महादलित परिवार की बच्चियों का संरक्षण जरूरी है। इसके लिए वे हमेशा तत्पर रहती हैं। समाज के लोगों को असहायों की मदद को हमेशा आगे आना चाहिए। शिक्षा से ही समाज विकसीत हो सकता है। खासकर बेटियों को शिक्षित होना जरूरी है। शिक्षित होकर ही वह अपने घर को बेहतर तरीके से संभाल सकती है।

# प्रधान शिक्षक पर हमले के विरोध में ग्रामीणों ने स्कूल में जड़ा ताला, अधिकारियों के आश्वासन पर खुला ताला

**केशववाणी । गुड्डू कुमार की रिपोर्ट, कतरीसराय (नालंदा)।** कतरीसराय प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कोयरी बिगहा में विभागीय अधिकारियों की कथित निष्क्रियता से नाराज ग्रामीणों ने शनिवार को विद्यालय में ताला जड़ दिया। इस घटना से इलाके में कुछ समय के लिए अफरातफरी का माहौल बन गया। बाद में जिला और प्रखंड प्रशासन के अधिकारियों के हस्तक्षेप और आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने विद्यालय का ताला खोल दिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों की टीम पहुंची। इसमें डीपीओ, बीडीओ रजनीश कुमार, प्रभारी बीईओ अमरजीत कुमार, थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार, अपर थानाध्यक्ष आदित्य कुमार तथा पावापुरी थानाध्यक्ष गौरव कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर मामले की जांच कराने और उचित कार्रवाई का भरोसा दिया, जिसके बाद ग्रामीण शांत हुए और विद्यालय का ताला खोल दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय का प्रभार संभाल रहे प्रधान शिक्षक उमेश कुमार शर्मा और पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापिका के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। ग्रामीणों के अनुसार उक्त शिक्षिका अक्सर प्रधान शिक्षक के साथ गाली–गलौज करती रहती हैं, जिससे विद्यालय का माहौल लगातार खराब हो रहा है।बताया जाता है कि इस संबंध में प्रधान शिक्षक ने कई बार बीआरसी कार्यालय से लेकर जिला शिक्षा कार्यालय तक लिखित शिकायत की, लेकिन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि पहले भी तीन–चार बार दोनों पक्षों के बीच मारपीट की घटना हो चुकी है। एक बार दोनों पक्षों की ओर से स्थानीय थाने में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई थी, जिससे विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण प्रभा. वित हो रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि 6 मार्च (शुक्रवार) को रास्ते में पांच–छह अज्ञात ला. गों ने प्रधान शिक्षक पर जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। फिलहाल उनका इलाज विम्स पावापुरी में चल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस घटना के पीछे भी पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापिका का हाथ हो सकता है। इसी घटना से आक्रोशित होकर ग्रामीणों ने शनिवार को विद्यालय में ताला जड़कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रशासन के हस्तक्षेप और जांच के आश्वासन के बाद स्थिति सामान्य हो सकी।

# आर्म्स एक्ट मामले में दोषी को 5 वर्ष की सजा, बिहारशरीफ अदालत का फैसला

**केशववाणी । प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट,, बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा पुलिस द्वारा दर्ज बिहार थाना कांड संख्या 218/07 से संबंधित आर्म्स एक्ट मामले में अदालत ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। मामले की सुनवाई के बाद न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी करार देते हुए कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई।मामले में अभियुक्त शत्रुघन प्रसाद, पिता स्वर्गीय छेदी राम, निवासी अलीनगर, थाना बिहार, जिला नालंदा के खिलाफ आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज था। शनिवार, 7 मार्च 2026 को एडीजे–11 न्यायालय बिहारशरीफ ने मामले में सुनवाई पूरी करते हुए अभियुक्त को दोषी पाया।अदालत ने आर्म्स एक्ट की धारा 25(1–बी) ए के तहत अभियुक्त को 3 वर्ष के कारावास तथा 5,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड नहीं भरने की स्थिति में अभियुक्त को 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।इसके अतिरिक्त आर्म्स एक्ट 1959 की धारा 26(2) के तहत भी अदालत ने अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए 5 वर्ष के कारावास और 5,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। जुमा. ना नहीं देने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतने का प्रावधान किया गया है।पुलिस के अनुसार मामले की सुनवाई के दौरान नालंदा पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों, गवाहों के बयान और संबंधित प्रदर्शों को समय पर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इन्हीं साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने अभियुक्त को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।

अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120

# राजमिस्त्री के पोते ने रचा इतिहास: यूपीएससी 2025 में 75वीं रैंक लाकर बना आईएएस

**केशववाणी । अमर वर्मा की रिपोर्ट, बिहारशरीफ (नालंदा)।** कतरीसराय प्रखंड के लोहराजपुर गांव निवासी राहुल शेखर ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2025 में 75वीं रैंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता से पूरे इलाके में खुशी का माहौल है और लोग उन्हें बधाई दे रहे हैं। राहुल शेखर के पिता डॉ. वीरेंद्र प्रसाद गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर (उत्तराखंड) में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता पूजा कुमारी सुपौल में कृषि समन्वयक के पद पर कार्यरत हैं। राहुल के दादा नारायण महतो ने बताया कि उन्होंने अपने बच्चों की शिक्षा के साथ कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने राजमिस्त्री का काम करने, बैलगाड़ी चलाने और खेती करने के साथ बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने के लिए संघर्ष किया। उनके इसी संघर्ष का परिणाम है कि उनके बेटे वीरेंद्र प्रसाद ने वर्ष 2013 में प्रोफेसर का पद हासिल किया, जबकि वर्ष 2019 में राहुल की माता पूजा कुमारी कृषि समन्वयक बनीं। राहुल शेखर ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा के बाद आईआईटी कानपुर से स्नातक की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद वर्ष 2021 में आईईएस परीक्षा में तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं वर्ष 2024 की यूपीएससी परीक्षा में 242वीं रैंक प्राप्त कर उन्होंने आईआरएस (इंडियन रेवेन्यू सर्विस ) में चयन पाया और सेवा भी शुरू की।




नारायण महतो ने बताया कि राहुल ने वर्ष 2024 में आईएफएस परीक्षा में भी 46वीं रैंक हासिल की थी। इसके बाद उन्होंने एक बार फिर मेहनत जारी रखी और आखिरकार यूपीएससी 2025 में 75वीं रैंक हासिल कर आईएएस बनने का सपना पूरा कर लिया।राहुल की इस उपलब्धि पर उनके चाचा अरविंद प्रसाद, अशोक प्रसाद और मिथिलेश प्रसाद सहित परिवार के अन्य सदस्यों और ग्रामीणों ने खुशी जताई। उन्होंने कहा कि सच्ची लगन, मेहनत और ईमानदारी से किया गया प्रयास हमेशा सफलता दिलाता है। राहुल की सफलता पूरे गांव और जिले के युवाओं के लिए प्रेरणा है।

# गली विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, चार लोग घायल

**केशववाणी । संजीव कुमार बिट्टू की रिपोर्ट, हिलसा (नालंदा)।** हिलसा थाना क्षेत्र के अक. बरपुर गांव में शुक्रवार की रात गली के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में दोनों पक्षों से कुल चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है।मिली जानकारी के अनुसार, एक पक्ष से कमलेश सिंह के 45 वर्षीय पुत्र नंदन कुमार और 52 वर्षीय पुत्र रंजीत कुमार सक्सेना घायल हुए हैं। वहीं दूसरे पक्ष से स्वर्गीय जगदीश लाल की 65 वर्षीय पत्नी मालती देवी तथा 30 वर्षीय पुत्र हरिंदर लाल जख्मी हो गए। घायल रंजीत कुमार सक्सेना ने शनिवार सुबह इलाज के दौरान बताया कि पड़ोसी हरिंदर लाल के साथ गली को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था। इसी को लेकर शुक्रवार की रात करीब 8 बजे दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। दोनों ओर से लाठी–डंडों से हमला किए जाने से चार लोग घायल हो गए।घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है।इस संबंध में अभिजीत कुमार, थानाध्यक्ष हिलसा थाना ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से एक–दूसरे के खिलाफ आवेदन दिया गया है। पुलिस मामले की जांच–पड़ताल कर रही है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।




# राजगीर कुंड शाखा डाकघर में डाक संवाद कार्यक्रम का आयोजन, डाक योजनाओं की दी गई जानकारी

**केशववाणी । प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट,, राजगीर (नालंदा)।** राजगीर स्थित राजगीर कुंड शाखा डाकघर में शनिवार को भारतीय डाक विभाग की ओर से डाक संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मोजफ्फर उद्दीन अब्दाली, मुख्य डाक महाध्यक्ष, बिहार उपस्थित रहे। उनके साथ कुंदन कुमार, डाक अधीक्षक, नालंदा मंडल भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान डाक विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इसमें डाक बचत योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, डाक जीवन बीमा तथा इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक से संबंधित योजनाओं के बारे में उपस्थित लोगों को विस्तार से बताया गया। साथ ही लोगों को इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर डाक निरीक्षक दक्षिणी अनुमंडल रामाशीष कुमार भी मौजूद रहे। डाक संवाद के दौरान मुख्य अतिथि मोजफ्फर उद्दीन अब्दाली ने राजगीर क्षेत्र के सभी शाखा डाकघरों के कार्यों की समीक्षा की और सभी शाखा डाकपालों को विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि डाक विभाग की सेवाओं को आम जनता तक बेहतर तरीके से पहुँचाना प्राथमिकता है।




साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि नालंदा डाक मंडल के सभी डाककर्मी बेहतर सेवा प्रदान कर इस वित्तीय वर्ष में भी मंडल को अव्वल स्थान पर बनाए रखने के लिए कार्य करें। इस अवसर पर उपस्थित सभी डाक कर्मियों ने भी बेहतर सेवा देने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों ने डाक सेवाओं से संबंधित अपने सुझाव भी साझा किए। इस मौके पर डाक अधीक्षक कुंदन कुमार ने कहा कि डाक विभाग अपनी सेवाओं को और अधिक सुलभ, आधुनिक और प्रभावी बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर डाक चौपाल और डाक संवाद जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ समापन किया गया। इस अवसर पर विजय कुमार उपाध्याय, शाखा डाकपाल, राजगीर कुंड सहित डाक विभाग के कई कर्मचारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।




# मध्य विद्यालय ककड़िया में बाल मेला का आयोजन
## बच्चों ने खेल, फूड स्टॉल और शैक्षिक गतिविधियों में लिया हिस्सा

**केशववाणी । प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट, नूरसराय (नालंदा)।** नूरसराय प्रखंड के मध्य विद्यालय ककड़िया में शनिवार को "सीख, मनोरंजन और जीवन मूल्यों का उत्सव" थीम पर भव्य बाल मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार मेहता ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिक्षक क्लब के संयोजक दिलीप कुमार, वरीय शिक्षक राकेश बिहारी शर्मा, शिक्षिका पूजा कुमारी तथा प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार मेहता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा उन्हें पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। बाल मेले में विभिन्न प्रकार के खेल, फूड स्टॉल और शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों ने खेल–खेल में टीमवर्क, निर्णय लेने की क्षमता, संचार कौशल और धन के सही उपयोग जैसे जीवनोपयोगी कौशल सीखे। फूड स्टॉल बच्चों के लिए एक लाइव लर्निंग लैब साबित हुए, जहां उन्होंने योजना बनाना, जिम्मेदारी निभाना और आत्म. विश्वास के साथ कार्य करना सीखा। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि दिलीप कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को केवल मनोरंजन ही नहीं देते, बल्कि उन्हें जीवन के लिए तैयार करते हैं और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा भी देते हैं। उन्होंने कहा कि बाल मेले का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास बढ़ाने,




व्यावसायिक कौशल सिखाने और स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देना है। उन्होंने मेले में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन भी किया और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षिका पूजा कुमारी ने किया। बाल मेले में आंगनवाड़ी के बच्चों सहित प्रा. थमिक वर्ग एक से पांच तक के कुल आठ समूहों ने अपने अभिभावकों के साथ भाग लिया। मेले में बच्चों ने समोसा, लिट्टी–चोखा, गोलगप्पा, पापड़ी–चाट, गुलाब जामुन, रसगुल्ला, झाल–मुड़ी, मोमोज, ब्रेड पकौड़ा और बर्गर जैसे व्यंजनों के स्टॉल लगाए। इसके अलावा छोटे–छोटे बच्चों ने मिट्टी के खिलौने बनाकर दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया।कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर राजवीर कुमार, अजय कुमार, रजनीश कुमार, मोहन कुमार, निशांत कुमार, जौशन कुमार, आदित्य कुमार, अनुकूल कुमार, अविनाश कुमार, खुशी कुमारी, नंदनी कुमारी, लवली कुमारी, स्वीटी कुमारी, जयरानी कुमारी, राधा कुमारी, चांदनी कुमारी, आरती कुमारी, बाल संसद के प्रधानमंत्री अर्जुन कुमार, शिक्षा मंत्री सोनाली कुमारी सहित कई शिक्षक, अभिभावक और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

